दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 109 मुरादाबाद 13 August 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी ने बांदा नाव हादसे में मारे गए मृतकों के स्वजनों को 4 लाख रुपये देने का किया ऐलान




उत्तर प्रदेश के बांदा में नाव डूबने से मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने 4-4 लाख रुपये देने की घोषणा की है। बता दें कि? बांदा जिले में गुरूवार को यमुना नदी में रक्षाबंधन पर नाव डूबने से बड़ा हादसा हो गया था। इसमें 20 से ज्यादा लोग बह गए। नाव पर 33 से ज्यादा लोग सवार थे। अभी तक सिर्फ तीन लोगों के शव ही बरामद किए जा सके हैं।यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बांदा नाव पलटने की घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। उन्होंने पीड़ितों को तत्काल सहायता और राहत प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। दो मंत्रियों रामकेश निषाद और राकेश सचान ने तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। एडीजी, कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बांदा नाव पलटने की घटना में अभी तक 3 शव बरामद किए गए हैं।13 को बचा लिया गया और 17 लोग लापता हैं। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें खोज और बचाव अभियान चला रही हैं। मौके पर मौजूद सभी जिला पदाधिकारी।

## बहुत सारे फोन कॉल आ रहे हैं, पर पहले दूंगा इस काम पर ध्यान; PM पद पर फिर बोले नीतीश कुमार



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से खुद के देश के पीएम बनने की रेस में होने के सवाल पर जवाब दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मैं हाथ जोड़कर कहता हूं कि मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। मेरा काम यह है कि सभी लोगों के लिए काम कर सकूं। 8वीं बार बिहार के सीएम की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार ने कहा कि मैं इस बात के लिए प्रयास करूंगा कि सभी विपक्षी दल एक साथ आ जाएं। यदि सभी विपक्षी दल इस बात पर राजी होते हैं और साथ में आते हैं तो फिर यह अच्छी बात होगी। नीतीश कुमार ने शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना ही उन पर हमला किया था कि 2014 में आने वाले 2024 में रहेंगे क्या? आज इसी पर सवाल पूछने पर नीतीश कुमार ने कहा, %देखिए, भाई हम हाथ जोड़कर एक बात कह दें कि हमारे मन में भी ऐसी कोई बात नहीं है। हमारे नजदीक भी कोई यह दे तो हम हाथ जोड़ लेते हैं। हम चाहते हैं कि सबके लिए काम करें और एक अच्छा माहौल तैयार किया जाए। यही नहीं नीतीश कुमार ने बिहार सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर भी कहा है कि जल्दी ही यह होगा।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद किसी भी दिन मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार सब लोग बैठकर बात कर लेंगे, फिर उसके बाद इस पर फैसला लिया जाएगा।उनकी इस टिप्पणी को पीएम बनने की महत्वाकांक्षा से जोड़ा गया था और चर्चाएं शुरू हो गई थीं कि वह 2024 के आम चुनाव में विपक्ष का चेहरा बनना चाहते हैं। हालांकि शुक्रवार को एक बार फिर से उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया। नीतीश कुमार ने कहा, %हम हर किसी को एक करना चाहते हैं। मैं सकारात्मक काम कर रहा हूं। मुझे बहुत से सारे फोन आ रहे हैं। मैं हर चीज कर रहा हूं। मैं सब कुछ करूंगा, लेकिन सबसे पहले यहां पर अच्छे से काम करना है।% हालांकि नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता की ख्वाहिश जताकर और उसके लिए काम करने की बात कहकर साफ कर दिया है कि वह 2024 के लिए विपक्ष की धुरी बनना चाहते हैं।

## उरई में सालों पुराने शिव मंदिर में घुसकर अज्ञात लोगों ने शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को तोड़ा, इलाके में तनाव



उत्तर प्रदेश के उरई जिले में अराजकतत्वों ने कस्बा आटा में सावों पुराने शिवलिंग को खण्डित कर दिया। सुबह जब महिलाएं पूजा करने के लिए मन्दिर परिसर पहुंची तो खण्डित शिवलिंग को देखकर चौंक गईं। खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस बीच आटा इंस्पेक्टर कालपी एसडीएम फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला।गौरतलब है कि आटा थाना क्षेत्र के बड़ी माता मंदिर के पास शंकर जी का वर्षों पुराना मन्दिर स्थापित है। जहाँ लोग सावन माह में शिवलिंग की पूजा करते हैं। शुक्रवार को जब गांव की महिलाएं पूजा अर्चना करने के लिए मन्दिर पहुँची तो सामने शिवलिंग की पिंडी अलग पड़ी देख जिसको देखकर उनके होश उड़ गए। नन्दी का सिर गायब था। उन्होंने मोहल्ले वालों को इसकी सूचना दी। ये खबर आग की तरह फैली और आधा गाँव मौके पर जमा हो गया। सूचना पर तुरंत आटा इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप गौतम और कालपी एसडीएम अंकुर कौशिक मौके पर पहुँच गए। जिन्होंने ग्रामीणों को समझाया व हरकत करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। वही पुलिस ने मामले को लेकर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक एनपी गौतम के मुताबिक मूर्ति खंडित करने वाले का जल्द पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मंदिर में नंदी की मूर्ति खंडित होने के बाद प्रशासन नंदी की नई मूर्ति शिव परिवार में शामिल करेंगे।

## सीएम योगी से मिलेंगे सुभासभा प्रमुख ओपी राजभर, ट्वीट कर दी जानकारी, अखिलेश यादव पर साधा निशाना




समाजवादी पार्टी से गठबंधन तोड़ने के बाद अगली रणनीति पर मंथन कर रहे सुभासप्रा प्रमुख ओपी राजभर जल्द ही सीएम योगी से मिलेंगे। राजभर ने ट्वीट करके योगी से मुलाकात करने की बात कही है। उनके मिलने का मकसद हालांकि राजनीतिक नहीं है। लेकिन इस तरह से मिलने से पहले ही मिलने की बातें कहने को राजनीतिक नजरिये से भी देखा जा रहा है।ओपी राजभर ने शुक्रवार को 69000 शिक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप लगाकर धरना दे रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात की। उन्हीं की समस्याओं को लेकर सीएम योगी से मुलाकात की बात कही है। इस दौरान राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। राजभर ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष रूप से जांच कर पात्र युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए। भर्ती प्रक्रिया में जो भी खामियां मिली हैं उनका निष्पक्ष रूप से निष्पादन होना चाहिए। युवाओं को न्याय व उनका हक दिलाने के लिए जल्द माननीय मुख्यमंत्री जी मुलाकात करूंगा।चुनाव से पहले किये गए योगी के वायदे को लेकर राजभर ने कहा कि हमारी मुलाकात के बाद जरूर इन बच्चों की बात मानी जाएगी। राजभर ने कहा कि इनमें से कुछ बच्चे अखिलेश यादव से भी मिलने चले गए थे। अखिलेश को चाहिए था कि इनकी बातों को लेकर मुख्यमंत्री से बात करते। लेकिन वह केवल ट्वीट कर दिये और काम खत्म। मायावती से कोई मिल नहीं सकता। प्रियंका या सोनिया गांधी तक जा नहीं सकते। कहा कि इन अभ्यर्थियों की समस्याओं को सही मायने में मुख्यमंत्री तक पहुंचाई नहीं गई है। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक होता है। उनके पास रोजाना सैकड़ों समस्याएं आ रही हैं। इनकी समस्या भी वहां जाएगी तो उसका हल जरूर निकलेगा। हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे और इस समस्या का समाधान होगा।अखिलेश यादव के जातीय जनगणना कराने की बात पर भी राजभर ने निशाना साधा। राजभर ने कहा कि पांच साल तक मुख्यमंत्री रहे। तब जातीय जनगणना नहीं कराई। आज सत्ता में हैं तो केवल गुमराह कर रहे हैं।

# गीतों के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना ही कार्यक्रम का उद्देश्य-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में राष्ट्रप्रेम से प्रेरित गायन सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयी मुख्य गायिका सुश्री संगीता श्रीवास्तव जी द्वारा ''वक्रतुण्ड महाकाय, सूर्य कोटि समप्रभ'' से प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तहत आज देशभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने एवं स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोग अपने देश एवं अपने राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक हो सके। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयी गायिका सुश्री संगीता श्रीवास्तव जी द्वारा अनेक राष्ट्रभक्ति गीत ''धनी-धनी देशवा के धनी मोरे झण्डा'', ''अमृत उत्सव मंगवे हमार देशवा'' एवं कजरी गीत ''नीबिया की डारी, पे डाले डोलनवा'', ''मइया झूले ललनवा हो, अरे रामा भीजत मोर चुनरिया, बदरिया बरसत रे हारी'' की प्रस्तुती कर लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान सत्या द आर्यन पब्लिक स्कूल इकौना के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुती की गई। जिसके अन्तर्गत ''सारे जहां से प्यारी मेरे भारत की बेटी, देश रंगीला, सुनो गौर से दुनिया वालों चाहे जितना जोर लगा लो'' देशभक्ति गीत पर दिवांशी, खुशबु, सरस्वती, आयुषी, प्रज्ञा एवं प्रतिभा ने नृत्य प्रस्तुत किया। बेहतर प्रस्तुती के लिए जिलाधिकारी ने छात्रा सरस्वती को पुरस्कृत भी किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकार शाहिद रजा ने भी देशभक्ति पर आधारित गीत ''लहराये आसमान पर भारत का तिरंगा, है अमन की पहचान, मेरे देश का झण्डा'' का प्रस्तुतीकरण कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सूचना विभाग द्वारा श्रोताओं को प्रदेश सरकार की योजनाओं सम्बन्धित ''उत्तर प्रदेश सन्देश'' नामक पत्रिका एवं ''मिशन शक्ति'' नामक फोल्डर का भी वितरण किया गया। तथा सूचना विभाग, लखनऊ से आयी एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, उपजिलाधिकारी प्रवेन्द कुमार, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिला समन्वयक डा0 राजकुमार त्रिपाठी, संस्कृति विभाग द्वारा कार्यक्रम के समन्वय हेतु नामित नोडल अधिकारी डी0पी0 सिंह, सहित कलेक्ट्रेट, विकास विभाग, सूचना, बेसिक शिक्षा, पंचायत राज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जनसैलाब उपस्थित रहा।

# आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा कल्याण व प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा खण्ड स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिता का कार्यक्रम का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जमुनहा श्रावस्ती- विकास खण्ड सिरसिया के अंतर्गत कटकुइया में खेलकुद कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष भाजपा श्रवण कुमार वर्मा व मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह प्रमुख क्षेत्र सिरसिया ने किया खेल कूद का कार्यक्रम जिला युवा कल्याण अधिकारी श्रावस्ती कृष्ण स्वरूप मिश्रा के सौजन्य से कराया गया । प्रतियोगिता में 100 मीटर दौर में सुशीला राना प्रथम , द्वितीय जूही , प्रतिक्षा तिर्तीय रही तथा बालक वर्ग में ग्राम भचकाही के सूरज चौधरी प्रथम , अनिकेत द्वितीय विवेक तिर्तीय । तथा 400 मीटर दौर में बालिका ग्राम मोतीपुर की सुशीला राना प्रथम , आरती द्वितीय , पल्लवी तिर्तीय बालक वर्ग अनिकेत प्रथम , लल्लू द्वितीय बिनीत कुमार ने तिर्तीय स्थान प्राप्त किया । लम्बी कूद बालिका वर्ग रबीना प्रथम ,अनिता द्वितीय,सुशीला राना तिर्तीय बालक वर्ग में सूरज चौधरी प्रथम अनिकेत द्वितीय और विनोद तिर्तीय स्थान पर रहे है । गोला फेक बालक वर्ग अखिलेश प्रथम , दिलीप द्वितीय , सूरज तिर्तीय स्थान पर रहे । बालिका वर्ग सुशीला प्रथम , रबीना द्वितीय , रचना तिर्तीय । बालिका वर्ग कबड्डी मोतीपुर प्रथम ,कटकुइया द्वितीय वालीबॉल बालक वर्ग मसहा प्रथम मोतीपुर द्वितीय कबड्डी बालक वर्ग कटकुइया प्रथम भचकाही द्वितीय स्थान पर रहा । पुरुष्कार वितरण ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह द्वारा किया गया । तथा समापन के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने खिलाड़ियों से बताया कि खेल कूद ग्रामीण स्तर से खण्ड स्तर तक कराया जाता है और इन्ही लोगों को जिला से प्रदेश स्तर तक कराया जाता है जो इन्ही लोगो को पुरुष्कार प्राप्त करते है ,तथा सरकार द्वारा गाँव स्तर से खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खिलाड़ियो की खोज करके प्रदेश स्तर तक पहुँचाया जाता है , जो एक अच्छे खिलाड़ी बनते है प्रत्येक ग्राम पंचायत में खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान बनाया गया है । ग्रामीण खिलाड़ियों को शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है , खेल से मानसिक व बौद्धिक विकास होता है ।

# अमृत महोत्सव अभियान में आदर्श नगर पंचायत के द्वारा घर घर वितरीत किये झंडे




विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान में शुक्रवार को चेयरमैन अनुपम शुक्ला एवं अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मचारियों ने नगर के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी,कोट पटवा वार्ड सहित मोहल्लों में घर घर भारत की शान तिरंगा झंडा वितरित किए चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने बताया

कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर के कुछ मोहल्लों में नगर पंचायत कर्मचारियों के द्वारा घर घर तिरंगा झंडा वितरित किये जा रहे है, नगर के बाकी अन्य वार्डो में भी नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा तिरंगा झंडा वितरित किए जायेंगे। उन्होंने नगर की जनता से अपील करते हुए कहा इस बार 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। सभी लोग अपने अपने घरों पर भारत की शान तिरंगा झंडा अवश्य लगाये और आजादी के अमृत महोत्सव में भागीदारी करें। इस मौके पर चेयरमैन अनुपम शुक्ला, सभासद पुत्र मिलन मिश्रा,अंकित मिश्रा, दीपक शर्मा, सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

# पैसा मांगने पर दबंग श्याम बिक्र फील्ड के मुंशी ने खेत मालिक की करदी जमकर पिटाई



रामदीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाराबंकी जिले के थाना सफदरगंज निवासी बबलू सिंह पुत्र प्रताप बहादुर सिंह दिनांक 9 अगस्त 2022 को समय करीब 1:30 बजे दिन में श्याम बिक्र फील्ड के मालिक ज्ञान सिंह के पास गया था वहां पर मुंशी रंजीत यादव पुत्र बजरंग यादव मिले तब बबलू सिंह ने कहा कि जो मैंने 4 बीघा की माटी 200000 में बेची है मुझे मेरे पैसे दो इतनी बात सुनकर मुंशी रंजीत यादव आग बबूला हो गया और वह अपने साथी मैकू रावत को बुलाकर बबलू सिंह की लात घुसा ईंटों से जमकर पिटाई कर दी बबलू सिंह ने इसकी शिकायत थाना सफदरगंज में की लेकिन बबलू सिंह की रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई क्योंकि भट्ठा मालिक ज्ञान सिंह व मुंशी रंजीत यादव की सांठगांठ थाना सफदरगंज से चलती आ रही हैं बबलू सिंह ने बताया कि श्याम बिक्र फील्ड का मालिक व मुंशी ज्ञान सिंह से जब भी कोई मजदूर अपनी मजदूरी मांगता है तो ज्ञान सिंह का मुंशी रंजीत यादव मजदूर को गाली गलौज देकर मारपीट कर भट्ठा से भगा देता है इससे पहले भी तुरकानी निवासिनी गीता देवी पत्नी राममिलन को अपने भट्ठे पर मुंशी रंजीत यादव ने छेड़खानी व बलात्कार करने की कोशिश की महिला ने जब इसका विरोध किया तो मुंशी रंजीत यादव व मालिक ज्ञान सिंह ने गीता देवी को मारा पीटा था जिससे मुंशी रंजीत सिंह यादव के हौसले बुलंद हैं बबलू सिंह का कहना है कि यदि मेरी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई तो मैं इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से लेकर उच्च अधिकारियों तक करूंगा

## गौ हत्या के आरोप में जेल भेजे गए आरोपियों को बेगुनाह बताते हुए गांव वासियों ने पुलिस का किया घेराव

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जनपद के भगतपुर थाना क्षेत्र के खेर खाता गांव में आज उस समय गांव के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था जब गौ हत्या के आरोप में जेल भेजे गए आरोपियों को बेगुनाह बताते हुए गांव वासियों ने पुलिस का घेराव कर लिया और बेगुनाह जेल भेजें गए युवकों को पुलिस से जेल से निकलवाने की मांग करने लगे गांव वासियों का कहना है बेगुनाह चार युवकों को पुलिस द्वारा गौ हत्या के मामले में लपेटकर 2 दिन पहले जेल भेज दिया है जिसमें आज मौके पर पहुंची पुलिस को गांव वासियों ने घेराव कर जेल भेजे गए अभियुक्तों को पुलिस प्रशासन से छुड़वाने की मांग करते हुए पुलिस का घेराव कर लिया पुलिस के घेरब की सूचना पर आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित गांव वासियों एसपी ठाकुरद्वारा क्षेत्र अधिकारी सागर जैन की गाड़ी का भी घेराव किया लेकिन पुलिस ने गांव वासियों को समझा-बुझाकर मामला शांत कर जिस जगह गौ हत्या कर पशु को दबाया गया है उसे निकलवा कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है,, मौके पर पहुंचे ठाकुरद्वारा क्षेत्र अधिकारी सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया है मामले को शांत कर दिया गया है और जो भी सत्य है जांच की जा रही है जांच के बाद जो भी सत्य सामने आएगा उसके द्वारा कार्रवाई की जाएगी

## कुन्दरकी में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। भाइयों ने बहनों को उपहार दिए। बसों, ट्रेन और अन्य वाहनों में यात्रियों की संख्या अधिक रही।

सुबह से बहनों का भाइयों के घर पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। रोडवेज बसों, निजी बसों, ट्रेनों और डग्गामार वाहनों में यात्रियों की संख्या अधिक रही। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक कर राखी बांधी और उनके दीर्घायु होने की मंगलकामना की। बाजार में दिनभर चहल-पहल रही। गिफ्ट की दुकानों पर भीड़ रही। मिठाई की खूब बिक्री हुई। दुकानों को सजाया गया था। दुकानों पर राखियां खरीदने के लिए भी भीड़ रही। सामान्य दिनों के मुकाबले यात्रियों की संख्या शुक्रवार को करीब तीन गुना अधिक रही। उधर मुस्लिम बहनों ने थानाध्यक्ष पवन कुमार को राखी बांधी। वही थानाध्यक्ष ने उन्हें तोहफे में रक्षा, सुरक्षा और प्यार का उपहार दिया। हिन्दू धर्म के अनुसार रक्षाबंधन भाई बहनों का पवित्र त्योहार है। मुस्लिम भाई हिंदू बहनों से राखी बंधवाकर एकता का संदेश दे रहे हैं। साथ ही सुरक्षा का तोफा भेंट किया।

## भाइयों की याद में बहनों ने रोपी हरियाली

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- एसईजेड के पास स्थित ग्राम लालपुर गंगवारी में रक्षाबंधन का पर्व कुछ बहनों ने अनूठे तरीके से मनाया। इन बहनों ने दिवंगत हो चुके अपने भाइयों की याद में गांव में पौधरोपण किया। रक्षाबंधन के दिन अपने भाई की स्मृति में पौधरोपण करते हुए बहनें भावुक हो गईं। सुशीला, आशा, पायल, ज्योति सिंह, दामनी, माया देवी, मोनिका, संजना, राजरानी, रामरती, मूर्ति देवी, पल्लवी आदि ने पौधरोपण किया। पानी एवं पर्यावरण बचाव दल के संस्थापक डॉ मो.जावेद, उदय सिंह, रोहताश, मुनाजिर हुसैन, विजेंदर सिंह, जबर सिंह, चंद्रसेन सिंह, मो.शावेज, विजय सिंह ने उत्साह बढ़ाया।

## बहनों ने राखी बांध भाइयों से लिया रक्षा का वचन



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कानपुर/बिल्हौर--भाई द्वारा बहन की रक्षा का वचन देने के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले त्यौहार रक्षाबंधन के महापर्व पर शुक्रवार को बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, बहनों की प्रेम रस से भरी रेशमी राखी से भाइयों की कलाइयां महक उठीं, राखी बंधवाने के साथ साथ स्वादिष्ट मिठाइयां खाकर छोटे-छोटे बच्चे हर्षित और उल्लसित होते रहे,

वहीं बहने भी भाइयों से उपहार व रक्षा का वचन पाकर भाव विभोर होती रहीं, समाज में भाई बहन के प्रेम के इस अनूठे पर्व पर सभी घरों में उल्लास का माहौल रहा और सुबह से ही मुख्यमार्गों पर भीड़भाड़ शुरू हो गई ।

## OMG! हैंडपंप से पानी लेने गए बच्चे को घोड़े ने मारी लात



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भगतपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में हैंडपंप से पानी लेने गए बच्चे को घोड़े ने लात मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए। शुक्रवार को इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। भगतपुर निवासी शोएब रजा 10 वर्ष पुत्र जाकिर अली गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे घर के करीब प्राथमिक विद्यालय में लगे हैंडपंप से पानी लेने गया था। जैसे ही वह स्कूल के पास पहुंचा तभी गांव के ही जमील अहमद पुत्र अहमद हुसैन के घोड़े ने उसे लात मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए। जहां पर शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक शोएब कक्षा चौथी कक्षा का छात्र था। परिजनों के अनुसार मृतक शोएब रजा तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक की बहन ओर मां महजबीं समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष भगतपुर विप्लव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी युगल को दबोचकर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी युगल को दबोच कर पुलिस को सौंपा दिया। दोनों के परिजनों को थाने बुलाया गया है। मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। फरार प्रेमी युगल को दबोच कर थाना डिलारी पुलिस को सौंपने की घटना से सनसनी फैल गई। पड़ोसी गांव का युवक का अपनी मौसी के घर आना जाना था। इसी दौरान उसका मौसेरी बहन से प्रेम प्रसंग हो गया। धीरे-धीरे दोनों एक-दूसरे से मिलने लगे। पता लगने पर परिजनों ने प्यार पर पाबंदी लगा दी। शुक्रवार की दोपहर को प्रेमी युगल के परिजन जुमे की नमाज अदा करने गए थे। तभी मौका पाकर प्रेमी युगल घर से फरार हो गए। पता लगने पर परिजनों ने पीछा करना शुरू कर दिया। कस्बा डिलारी से बस में बैठ रहे थे। तभी पीछे से परिजनों ने दबोच कर फरार प्रेमी युगल को थाना डिलारी पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि दोनों अपनी इच्छा से शादी करना चाहते हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Injury on free rewari

No wonder the culture of free rewari has come under attack once again. This time the Supreme Court of the country has made a very strict remark. The top court has clearly said, the economy is being seriously harmed due to this culture. Promises of free things or facilities made at the time of elections is a serious issue, as it is causing a lot of damage to the economy. The top court has suggested the government to form a committee. The committee is expected to conduct the hearing impartially. Those who really need free help and those who have objection to it, a balanced decision can be reached only after hearing both the sides.

Indeed, in a country like India, there is such a needy section, who needs free services. Therefore, if the free schemes are stopped suddenly, then the very poor people will have to face huge losses. Actually, the hearing was going on in the Supreme Court on the PIL filed by advocate Ashwini Upadhyay. The petition has sought a provision to ban political parties promising freebies to woo voters during elections. There has also been a demand to make political parties accountable to their manifestos. If the Supreme Court has also considered this as a serious issue, then in the coming days some policy or provision of rules and regulations regarding free rewari may come to the fore. Political parties do not give free Rewari out of their own pocket, they take full credit by using or misusing the taxpayer's money. The practice of giving benefits of free schemes to the public has become so established that no political party is coming forward and talking against the freebies.

However, every political party has an objection to the free schemes of its opposing political parties. Chief Justice of India NV Ramana has said that India is a country where poverty exists and the central government has a plan to feed the hungry people.

By the way, there are many schemes, which are harming the economy, so the need for balance between public welfare and economy is not wrong. On August 3 itself, the Supreme Court had asked stakeholders like the Central Government, NITI Aayog, Finance Commission and RBI to brainstorm on this serious matter and suggest solutions.

This time the top court has suggested to form a committee. If the government and institutions respond promptly, a direction of reform will be decided in the next hearing on August 17. Overall, it has become a serious issue.

Every political party should contest elections on its own. The practice of making promises, considering government money in one's bag, should end. Prime Minister Narendra Modi had also said in the past that the culture of distributing free Revdi can be dangerous for the development of the country. Parties have to think seriously.

Poverty should not become a political issue, it is a collective failure or a responsibility. There is nothing wrong in getting the benefit of free schemes for those who are in need. Those who are yearning for food, education, health, the expenditure of taxpayers or the country's money on them is absolutely justified.


## Raima Sen was bold in front of the camera, flaunted bralette by opening the buttons of the shirt, people became crazy after seeing



Actress Raima Sen is a well-known name from Hindi cinema to Bengali industry. Raima has also worked in many music videos along with many films in her career. Raima sets the internet on fire not only because of her acting but also because of her boldness. She remains very active on social media. Raima surprises fans almost every day through her hot and bold photoshoots. Meanwhile, a bold photoshoot video of Raima remains in the discussion among the fans. Seeing her hotness in this video, people are blown away. Raima Sen has posted pictures of her bold photoshoot on Instagram account. In this you can see that Raima is seen showing her boldness in front of the camera. During this, Raima is seen flaunting her design black bralette in a short skirt and open shirt. During this her hair is open. At the same time, seeing the way Raima is posing in front of the camera, anyone can lose their heart. Seeing the performances during this time, everyone is going crazy. This picture has got a lot of views so far. Everyone is praising him by commenting on this. In these pictures, Raima is seen sitting on a round chair wearing an orange color short dress. During this, she is looking very hot and beautiful. Photos of Raima are also being liked a lot. Fans are commenting on this and telling them hot, bold, gorgeous and beautiful.

## Farmani Naaz's song 'Har Har Shambhu' removed from YouTube, copyright issue came to the fore

The video of this song of Farmani Naaz, who won everyone's heart by singing the song Har Har Shambhu, has been removed from YouTube. Let us tell you that when Farmani sang this song, many supported him, while some trolled him. However, in the meantime his song was becoming very viral. But now there is bad news for Farmani and his fans. Actually, Farmani's song has been removed from YouTube. Knowing the reason behind this, his fans will be disappointed. At the same time, Farmani may have to face further trolling. Why removed the song - Actually, the reason for this song being removed is that this song was copied and credit was not given to the real singers and makers. YouTube has removed it after protesting against the copyright of this song's writer Jitu Sharma. Jeetu Sharma says that he has written the lyrics of this song. Jeetu told during an interview that he has no problem with the song 'Har Har Shambhu' by Farmani Naaz, but he should get the credit for this song because he has worked hard in writing this song. He also told that the original copy rights of this song are with him. Who is Farmani Naaz- In the year 2017 Farmani Naaz got married and after 1 year they had a son. The condition of the child was not good, but Farmani's in-laws had refused to pay for the treatment. Farmani then went back to her maternal home. There she was living with the child. Fatima had told that once a village boy heard her song and then offered her a song and released it on YouTube. Farmani Naaz got a lot of popularity from it and after that she participated in Indian Idol 12. The judge also liked Farmani's singing. However, after his son's health deteriorated, Farmani had to go back. After that she started taking care of her child.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अंग्रेजों की नाक में दम करने वाले अब्दुल करीम को भुला दिया

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कस्बा के मोहल्ला शास्त्री नगर में जन्मे अब्दुल करीम ने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। धुमरी में अंग्रेजों की आरामगाह डाक बगलिया में आग लगा दी। टेलीफोन के तार काटकर दूरसंचार सेवा ध्वस्त कर दी। 1941 से 1945 तक तीन बार उन्हें जेल भेजा गया। आज उनके परिवार को अपने ही लोग पूरी तरह भूल चुके हैं। परिजन को दर्द है कि मदद तो दूर, सरकारी कार्यक्रमों में भी उन्हें नहीं बुलाया जाता है।

वर्ष 1891 में जन्मे मौलाना अब्दुल करीम आजाद ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजी हुकूमत का खुलेआम विरोध किया। जिसके कारण उनको कई बार भिन्न-भिन्न जिलों की जेलों में निरुद्ध रहना पड़ा। कई बार अंग्रेजों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के जुर्म में अंग्रेजों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। 1941 धुमरी स्थित डाक बगलिया में अब्दुल करीम ने अपने साथियों के साथ मिलकर आग लगा दी। इससे अंग्रेजी हुकूमत का काफी नुकसान हुआ और इसी दौरान अंग्रेजों ने फरमान जारी करते हुए समर्पण करने की धमकी दे डाली। कहा कि हाजिर न होने पर गोली मार दी जाएगी। परिजन का उत्पीड़न शुरू कर दिया। परिवार की रक्षा के लिए अब्दुल करीम ने समर्पण कर दिया। जिसमें उनको कारावास की सजा दी गई। करीब 110 वर्ष की आयु में 18 दिसंबर 1991 को उनका देहांत हो गया। इन सभी परिस्थितियों और आजादी की खातिर बार-बार अपनी जान जोखिम में डालने बाले अब्दुल करीम के परिजन सरकार की उपेक्षा का शिकार हैं। परिवार की सरकार से अपेक्षा है कि उन्हें नौकरी अथवा रोजगार का साधन दिया जाए। अब्दुल करीम के इकलौते पुत्र मौहम्मद शमी का निधन हो चुका है। दो पौत्र जावेद और आबिद हैं। जावेद के दो पुत्र राहिल एवं रिहान जनसेवा केंद्र संचालित कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। आबिद कहते हैं कि आजादी से जुड़े किसी भी सरकारी कार्यक्रम में हम लोगों को नहीं पूछा जाता है। जावेद बताते हैं कि जैथरा में पहली बार नगर पंचायत गठन होने पर हमें हाउस टैक्स, वाटर टैक्स से छूट दी गई लेकिन पांच साल बाद टैक्स वसूला जाने लगा। कई साल रहे रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल करीम आजाद ने देश की आजादी की जंग लड़ने के अलावा सांप्रदायिक सौहार्द बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन दिनों जैथरा गांव था। उन्होंने सबसे पहले यहां रामलीला का शुभारंभ कराया। कई साल तक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रहे। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भेंट किया था ताम्रपत्र वर्ष 1972 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आजादी के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में अब्दुल करीम आजाद को दिल्ली में ताम्रपत्र भेंट किया था।

## पुलिस ने मासूम को खोज परिजनों को सौंपा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-रक्षाबंधन से एक दिन पहले लापता हो गई मासूम को पुलिस ने ढूंढ़ निकाला और घरवालों को सौंपते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान ला रक्षाबंधन से एक दिन पहले लापता हो गई मासूम को पुलिस ने ढूंढ़ निकाला और घरवालों को सौंपते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। मोहल्ला पीपल अड्डा निवासी प्रमोद कुमार की दो वर्षीय मासूम अनन्या घर से निकल आई थी। घंटों बाद भी मासूम का पता नहीं चला। घरवालों को बेचैनी हुई और मासूम का तलाश किया। जानकारी पर पुलिस भी मासूम को तलाश किया। मासूम के न मिलने पर घरवालें परेशान थे। पटियाली चौकी इंचार्ज रीतेश ठाकुर, टीम ने तलाश किया। तलाश के दौरान मासूम आर्यावृत बैंक के पास रोती हुई मिली। मासूम को साथ लाई पुलिस ने घरवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंची नानी सर्वेश पत्नी कमल किशोर को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

## तिरंगा के रंग में रंगा जनसमूह, झंडा लेकर सड़कों पर उमड़ी भीड़

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आजादी के आंदोलन जैसा माहौल, तिरंगा लेकर लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। मानो हर एक तिरंगा के रंग में रंग गया। प्रशासन, जनप्रतिनिधि से लेकर सामाजिक, शैक्षिक सहित तमाम संगठनों ने भागीदारी दिखाकर संदेश दे दिया कि एक भारत एक विधान, तिरंगे को सबका सम्मान। हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए जगह-जगह रैलियां निकाली गईं। जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने शहर में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। 13 से लेकर 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्र ध्वज फहराने का आह्वान किया। 11 से लेकर 17 अगस्त तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्काउट गाइड व जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं साथ रहे। सभी हाथ में तिरंगा लेकर चल रहे थे। सदर विधानसभा क्षेत्र में सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर तिरंगे लहराते हुए चल रहे थे। भाजपा कार्यकर्ता भारत माता की जय के नारे भी लगा रहे थे। मिरहची में मारहरा विधायक वीरेंद्र लोधी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं में काफी जोश दिखाई दिया और उन पर पुष्प वर्षा भी की गई। तिरंगा यात्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। जलेसर में भी तिरंगा



यात्रा उत्साह के साथ निकाली गई।विधायक संजीव दिवाकर ने संदेश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराएं। अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ग्रामीण क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और लोगों का उत्साह बढ़ाया। निधौली कलां में यात्रा का नेतृत्व चेयरमैन देवलाल लोधी और भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नीरज सर्राफ ने किया। धुमरी में एसडी पब्लिक इंटर कालेज के छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली। उत्साहित स्कूली बच्चे भारत माता की जय-जयकार कर रहे थे। अवागढ़ में हिंदू एकता संगठन के लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली। ये रहे मौजूद -सदर विधानसभा क्षेत्र में निकाली गई तिरंगा यात्रा में सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा उर्फ रामू भटेले, पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता, ब्रज क्षेत्र सह मीडिया प्रभारी विक्रांत माधौरिया, इंजीनियर सतेंद्र सिंह राठौर, कौशलेंद्र राठौर, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भदौरिया, एमएलसी आशीष यादव, पंकज चौहान के अलावा मिरहची में जिला पंचायत सदस्य बंटी राजपूत, ब्लाक प्रमुख रवि वर्मा, व्यापारी नेता राजेंद्र प्रसाद, अमित गुप्ता, अतुल सिकरवार, शकुंतला साहू, संतोष सर्राफ, निधौली कलां में उमेश, योगेंद्र योगी, नेत्रपाल वर्मा, आशीष काकुस्थ, अवागढ़ में शुभम, अतुल लुहार, रोहित यादव, करन वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, अंकित यादव, बंटी वार्ष्णेय, प्रशांत गुप्ता, शिव मंगल, जतिन, धुमरी में एसडी पब्लिक इंटर कालेज के प्रबंधक अनुज अग्रवाल, चौकी इंचार्ज नरेश जादौन, विनीत मित्तल, गिरीश यादव, जीतू यादव, संदीप यादव, सारिका, कुमकुम, रिचा, अलीगंज में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक रत्न शाक्य, शोभित प्रताप, आमोद आर्या, आशीष राजपूत, अर्जुन सिंह, रवेन्द्र गुप्ता, कपिल गुप्ता, राजीव चौहान, मुकेश वर्मा, नीलेश राजपूत, मुकेश राजपूत, कुलदीप राजपूत, जलेसर में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, सत्येंद्र सिंह यादव, अमित विद्रोही, संजीव वर्मा, दाऊजी वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, पुलकित गुप्ता, सत्येंद्र जादौन, राहुल प्रताप, शकरौली क्षेत्र में जिला उपाध्यक्ष पम्मी ठाकुर एवं मंडल अध्यक्ष नरेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों की हाफ मैराथन का आयोजन प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले कर्मी हुए पुरस्कृत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जन जागरूकता के लिए किया गया पुलिसकर्मियों की हाफ मैराथन का आयोजन प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले कर्मी हुए पुरस्कृत। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ को "आजादी का अमृत महोत्सव" के रुप में मनाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 12.08.2022 को पुलिस लाइन एटा से 05 किमी0 मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। *पुलिस लाइन में प्रतियोगिता का शुभारम्भ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया तथा प्रतियोगिता का समापन थाना कोतवाली देहात पर जिलाधिकारी एटा श्री अंकित कुमार अग्रवाल ने किया प्रतियोगिता में लगभग 105

## क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर 65 हजार रुपये निकाले

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- क्रैडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर हजारों की नकदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बैंक कर्मियों पर धोखाधड़ी कर रुपये निकालने का आरोप लगाया है। कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना बागवाला के गांव करतला निवासी हंसराज ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि एचडीएफसी बैंक का क्रैडिट कार्ड था। आरोप है कि बैंक के कर्मियों ने धोखाधड़ी कर 65हजार 795 रुपये पार कर दिए। जानकारी पर पीड़ित के होश उड़ गए। पुलिस ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित ने जांच शुरू कर दी है। नगर पुलिस का कहना है कि मामले में साइबर सैल की भी मदद ली जा रही है।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर जनपद हुआ तिरंगा मय



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगज।आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति द्वारा श्री गणेश इन्टर कालेज के प्रांगण में फीता काट कर शुभारम्भ किया.इस अवसर पर इन्टर ग्लोब इन्टर कालेज की छात्राओं सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया, पुलिस अधीक्षक ने रफात पुर में बन रही पुलिस लाइन में पहुँच कर अनुचर पूरन सिंह पुत्र हरी राम के घर पर तिरंगा लगा कर बच्चों को तिरंगा और चाकलेट भेंट किये अमा पुर कस्बे में विधायक हरी ओम वर्मा और चेयरमैन चांद मियां द्वारा छात्र छात्राओं के साथ रैली निकाली वही भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकाली गई

# 32 किलोग्राम गाँजा और एक बोलेरो MP18 T 3146 के साथ 02 गांजा तस्कर गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


जी पी एम-थाना पेण्ड्रा अपराध क्रमांक 327/ 22 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट गिरफ्तार आरोपी 1. अरविंद सेन पिता राम नरेश सेन सोहागपुर शहडोल 2 अरुण पटेल पिता बहुरीलाल पटेल सोहागपुर पडरिया शहडोल मध्य प्रदेश पुलिस अधीक्षक श्री एलिसेला को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बिलासपुर की ओर से एक सफेद कलर की बोलेरो में गांजा की तस्करी की जा रही है, जो पेण्ड्रा होकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय



अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना पेण्ड्रा एवं एंटी नारकोटिक्स सेल जीपीएम को तुरंत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना पेंड्रा की टीम एवं एंटी नारकोटिक्स सेल जीपीएम के द्वारा पेण्ड्रा वाले रास्ते मे नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग एवं तलाशी लिए जाने के दौरान एक सफेद कलर की बोलेरो स्क्र18 ञ 3146 में से 32 किलोग्राम गाँजा बरामद किया गया। नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए थाना पेण्ड्रा में अपराध क्रमांक 327/22 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपितों से बोलेरो स्क्र18 ञ 3146, 32 किलोग्राम गाँजा , 02 मोबाइल कुल कीमती 7,56,300 रुपये जप्त कर आरोपियो 1. अरविंद सेन पिता राम नरेश सेन सोहागपुर शहडोल 2 अरुण पटेल पिता बहुरीलाल पटेल सोहागपुर पडरिया शहडोल ( मध्य प्रदेश ) को गिरफ्तार किया गया है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध से छूटी पढ़ाई, CM भूपेश बोले- देशभर के मेडिकल कॉलेजों में स्टूडेंट्स को देना चाहिए एडमिशन

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच छत्तीसगढ़ लौटे मेडिकल स्टूडेंट्स का भविष्य अधर में लटक गया है। उनकी पढ़ाई अधूरी रह गई है। छात्र अपनी पढ़ाई पूरी कराने की मांग भी कर रहे हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भारत सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद मेडिकल स्टूडेंट्स देश लौट आए हैं। उनका भविष्य संकट में है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार को वन टाइम रिलैक्सेशन देना चाहिए, ताकि उन बच्चों को छत्तीसगढ़ सहित देशभर के मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन मिल



जाए और उनका भविष्य सुरक्षित रहे। बता दें कि सस्ती पढ़ाई व आसान एडमिशन के कारण हर साल देश के हजारों स्टूडेंट्स मेडिकल की पढ़ाई करने यूक्रेन जाते रहे हैं। रूस-यूक्रेन में युद्ध शुरू हो गया। युद्ध के बाद भारतीय स्टूडेंट्स को वापस लाना पड़ा। छत्तीसगढ़ के 207 स्टूडेंट्स भी यूक्रेन से वापस लौटे हैं। वापस आने के बाद स्टूडेंट्स पढ़ाई से वंचित हो गए हैं। पढ़ाई पूरी कराने स्टूडेंट्स रायपुर में प्रदर्शन भी कर चुके हैं। छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री से पहल करने का आग्रह भी किया है। मेडिकल स्टूडेंट्स के मुद्दे पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार को पहल करनी चाहिए, जिससे मेडिकल स्टूडेंट्स का भविष्य सुरक्षित रहे।

## स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए बनाएं पॉलिसी

बता दें कि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख एल. मांडविया को पत्र लिखकर इनकी पढ़ाई पूरी कराने का आग्रह भी किया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार से विशेष पॉलिसी बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि ऐसा करने से छात्र-छात्राओं का भविष्य सुरक्षित रहेगा और इससे देश में डॉक्टरों की कमी भी दूर होगी। सिंहदेव ने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में लौटे स्टूडेंट्स के भविष्य को देखते हुए केंद्र सरकार जल्द निर्णय लें और कोई पॉलिसी बनाएं।

# सुल्तानपुर में थाने पहुंचकर लड़कियों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, पुलिसकर्मियों ने भी दिया रक्षा का वचन



यूपी के सुल्तानपुर में पुलिसकर्मियों के लिए राखी यादगार रही क्योंकि वो जिन लड़कियों की रक्षा और सुरक्षा के लिए दिन-रात मुस्तैद रहते हैं उन्होंने थाने आकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। सुल्तानपुर में लड़कियों ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। सरस्वती शिशु वाटिका में पढ़ने वाली लड़कियां राखी बांधने कोतवाली नगर थाने पहुंचे। लड़कियों का कहना था कि वे उन पुलिस वाले भाइयों को राखी बांधने आई हैं जो उनकी रक्षा कर रहे हैं। जो लोग अपने परिवार से सैकड़ों मील दूर रहते हैं ताकि हमारी रक्षा कर सकें। उन्हें त्योहार पर अपनी बहनों की कमी महसूस ना हो इसलिए वो उन्हें राखी बांधने आई हैं। एसडीएम सदर चंद्र प्रकाश पाठक ने कहा कि थाने में आकर छात्राओं ने राखी बांधकर यह कहने की कोशिश की कि वे भी पुलिस की रक्षा के लिए खड़ी हैं। हमें यह देखकरअच्छा लगा। थाने आई लड़कियों को देख पुलिसवालों के भी चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपनी धर्म की बहनों को कई उपहार और पैसे देकर उनको इस दिन को यादगार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। शिक्षिका ने कहा कि पुलिस हमेशा लोगों की रक्षा करती है, लेकिन कभी-कभी ड्यूटी के कारण पुलिसकर्मी रक्षाबंधन के दिन अपनी बहनों के पास राखी बंधवाने तक नहीं जा पाते। ऐसे में स्कूल के छात्राओं ने थाने पहुंचकर पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। सरस्वती शिशु वाटिका की निदेशक पूनम सिंह ने कहा कि पुलिस कर्मी हमारी इतनी मदद करते हैं कि हमारे लिए इससे बेहतर तोहफा कोई नहीं हो सकता। हमारे पास अपने पुलिस भाइयों को राखी बांधकर उनका मनोबल बढ़ाने का मौका था। हम सबको बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर पुलिस चौबीसों घंटे सड़कों पर काम करती है। वे ऐसे ही सबकी रक्षा करते रहते हैं, इसलिए हमने सोचा कि हम राखी के जरिए उनके प्रति हमारे मन के आदर भाव को व्यक्त कर सकें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# दिव्यांशु बने विशाल हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रचारक



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर बिल्हौर -- बिल्हौर कस्बे के ब्रम्हनगर मोहल्ला निवासी दिव्यांशु अग्निहोत्री को उनकी कुशल कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए विशाल युवा हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद मिश्रा के द्वारा कानपुर नगर का जिला प्रचारक नियुक्ति किया गया, साथ ही समर्थकों को इसकी जानकारी मिलते ही नवनियुक्त जिला प्रचारक को बधाई मिलने का दौर शुरू हो गया।

# ATS की कार्रवाई: तहरीक-ए-तालिबान और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो आतंकी गिरफ्तार, नूपुर शर्मा को मारने की थी तैयारी

स्वतंत्रता दिवस से पहले यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने सहारनपुर से दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस को सूचना मिली थी कि पकड़े गए आतंकी स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी हमले की योजना बना रहे हैं। गिरफ्तार आतंकियों में से एक का नाम मोहम्मद नदीम है जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और तहरीख-ए-तालिबान से सीधे



संपर्क में था। उसे नूपुर शर्मा को मारने का काम दिया गया था, लेकिन टास्क पूरा होने से पहले आतंकी धर दबोचे गए। बतादें कि तीन दिन पहले यूपी एटीएस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के सहयोग से नौ अगस्त को उसे आजमगढ़ से गिरफ्तार किया था। सबाउद्दीन ने आरआरएस नाम से ई-मेल आईडी भी बनाई थी और उससे फेसबुक अकाउंट बनाकर निशाना बनाने की योजना पर काम कर रहा था। एटीएस का दावा है कि वह सीरिया में रहने वाले आतंकी अबू बकर अल-शामी के संपर्क में रहता था। उसने जम्मू-कश्मीर में आतंकियों पर हो रही कार्रवाई का बदला लेने के लिए आईईडी व ग्रेनेड बनाना व इस्तेमाल करना सीखा। वह आतंक फैलाने के लिए युवाओं को भर्ती कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं को निशाना बनाने की साजिश कर रहा था। एटीएस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।